**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**तिथि 20 मई 2025** **समय 1810**

**मुख्य समाचार :-**

- **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य विज्ञान आधारित कृषि रूपांतरण को बढ़ावा देना है।**

- **सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान को महिला सेना अधिकारीयों के प्रति अपमानजनक शब्दों के प्रयोग के लिए महिला आयोग की शिकायत पर हिरासत में लिया गया।**

- **हरियाणा पुलिस ने आज रोहतक ज़िले के कलानौर क्षेत्र से अवैध रूप से रह रहे 29 बंग्लादेशियों को हिरासत में लिया।**

- **कुरुक्षेत्र ज़िले में इस वर्ष मार्च में लिंगानुपात 964 दर्ज किया गया।**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।**

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज राष्ट्रव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान में शामिल होने के लिए कुलपतियों, प्रोफेसरों और विद्यार्थियों को प्रेरित किया। यह अभियान 29 मई से शुरू होने जा रहा है। नई दिल्ली में कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतियों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निदेशकों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि सरकार का लक्ष्य विज्ञान आधारित कृषि रूपांतरण को बढ़ावा देने पर है। श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा -

***विकसित भारत की विकसित कृषि और समृद्ध किसान हिन्दुस्तान की कल्पना खेती के बिना नहीं की जा सकती और इसलिए हम सबका उद्देश्य एक है। देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना। देश के अन्न के भंडार भी भरेंगे और दुनिया***

*का फूड बास्केट भी भारत को बनाके रहेंगे और किसानों की आजिविका सुनिश्चित करेंगे।*

*****************************************************************
*******

महिला सेना अधिकारियों के प्रति अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करने वाले सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान को हरियाणा महिला आयोग की शिकायत पर पुलिस हिरासत में लिया गया है।

आयोग ने स्वतः संज्ञान लेते हुए उसे आयोग के सामने पेश होने के लिए नोटिस भेजा था। लेकिन वह आयोग के समक्ष पेश नहीं हुए।
हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा -

*****************************************************************
*********

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बीच, पूरा देश जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। आकाशवाणी समाचार भी सशस्त्र बलों के सम्मान में एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। आज इस कड़ी में, हम परमवीर-चक्र विजेता मेजर नायब सूबेदार बाना सिंह के अदम्य साहस का स्मरण कर रहे हैं।

*"जम्मू जिले के निवासी, नायब सूबेदार बाना सिंह, जनवरी 1969 में आठ जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री में भर्ती हुए थे। जून 1987 में आठ जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फेन्ट्री को सियाचिन क्षेत्र में तैनात किया गया था। बड़ी संख्या में पाकिस्तानी घुसपैठिये इस इलाके में घुस आए थे। इन घुसपैठियों को खदेड़ना जरूरी था और इसके लिए एक विशेष टास्क फोर्स का गठन किया गया। नायब सूबेदार बाना सिंह ने स्वेच्छा से फोर्स में शामिल होने की पेशकश की। पाकिस्तानी घुसपैठ छह हजार पांच सौ मीटर की ऊंचाई पर हुई थी। यह जगह वस्तुत: एक अवैध ग्लेशियर किला थी, जिसके दोनों ओर चार सौ 57 मीटर ऊंची बर्फ की दिवारें थी। नायब सूबेदार बाना सिंह अपनी टीम के साथ बेहद मुश्किल और खतरनाक रास्ते से उस जगह पहुंचते हुए, दुश्मन पर हमला किया और उसे घेर लिया। हथ गोले फेंकते हुए, हमला*

***करते हुए, उन्होंने सभी घुसपैठियों को खदेड़ दिया। उन्होंने अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से अपनी टीम को प्रेरित किया। प्रतिकूल परिस्थितियों में असाधारण वीरता और नेतृत्व के लिए नायब सूबेदार बाना सिंह को परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। राष्ट्र उनकी बहादूरी को सलाम करता है। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।"***

हरियाणा गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा राज्य सरकार पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने कहा कि फिल्म और अन्य कार्यक्रमों के निर्माताओं को भी अच्छे संदेश वाले कार्यक्रम और फिल्में बनाने के लिए प्रेरित किया जा कहा है ताकि बच्छे अपराध की तरफ आकर्षित न हों।

उन्होंने कहा -

*****************************************************************
******

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं।

यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*****************************************************************
***********

हरियाणा पुलिस ने आज रोहतक जिले के कलानौर क्षेत्र में अवैध रूप से रह रहे 29 बंगला देशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के कई मामले सामने आने के बाद पुलिस लोगों की गहनता से जांच कर रही है। कलानौर पुलिस स्टेशन के प्रभारी सतपाल सिंह ने बताया के पकड़े गए सभी बांग्लादेशी एक ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे।उन्होंने बताया -

उन्होंने बताया कि ये बंगलादेशी नागरिक बिना किसी वैध दस्तावेज या पहचान पत्र के भारत में रह रहे थे। मांगे पर वे कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सके। इन सभी बंगलादेश के नागरिकों ने पश्चिम बंगाल के जरिए भारत में प्रवेश किया था । बंगलादेशी नागरिक महाबुल व मुशर्रफ ने बताया कि उन्होंने एक एजेंट के जरिए ही भारत में प्रवेश किया।

************************************************************************

आज सुबह भिवानी पुलिस ने भी अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों का पता लगाने के लिए 5 टीमें बनाकर जिले के दो झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों मे छापेमारी की। इस दौरान पुलिस द्वारा संदिग्ध लोगों के आधार कार्ड की व बायोमैट्रिक जांच की गई।

पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान 40 संदिग्ध लोगों के दस्तावेज देखे गए। जिसके बाद आधार कार्ड को लेकर शक होने पर 9 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए थाना ले जाया गया।

पुलिस अधिकारी सत्यनारायण ने बताया कि जिन 9 व्यक्तियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया उनके आधार कार्ड अन्य राज्यों से तब्दील हुए थे और उनके मोबाइल पर ओटीपी प्राप्त नहीं हो रहे हैं

**************************************************************************

कुरुक्षेत्र जिले में इस वर्ष के मार्च में लिंगानुपात 964 दर्ज किया गया है। उप सिवल सर्जन रमेश सभरवाल ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने बेटियों को बचाने के लिए लिंग जांच के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। उन्होंने बताया -

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा -

उप सिवल सर्जन रमेश सभरवाल ने कहा कि प्रशासन भ्रूण हत्या और लिंग चयन जैसी गैरकानूनी गतिविधियों पर किसी भी कीमत पर ढील नहीं देगा।

*************************************************************************************

प्रधानमंत्री रविवार 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगी।

लोग अपने विचार और सुझाव टोल-फ्री नंबर 1800-11-7800 के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। वे अपने सुझाव नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जी ओ वी- MyGov ओपन फोरम के जरिए भी साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

************************************************************************************

मुख्य समाचार एक बार फिर :-

- **कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य विज्ञान आधारित कृषि रूपांतरण को बढ़ावा देना है।**
- **सोनीपत की अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान को महिला सेना अधिकारीयों के प्रति अपमानजनक शब्दों के प्रयोग के लिए महिला आयोग की शिकायत पर हिरासत में लिया गया।**
- **हरियाणा पुलिस ने आज रोहतक ज़िले के कलानौर क्षेत्र से अवैध रूप से रह रहे 29 बंग्लादेशियों को हिरासत में लिया।**
- **कुरुक्षेत्र ज़िले में इस वर्ष मार्च में लिंगानुपात 964 दर्ज किया गया।**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 मई को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश-विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।**